हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025



# प्रबंधकों में दो फाड़, हड़ताल टूटी...आज से काम पर लौटेंगे तीन दर्जन कर्मचारी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले एक पखवाड़े से अनिश्चितकालीन हड़ताल में डटे हुए सहकारी समिति प्रबंधकों में दो फाड़ की स्थिति निर्मित हो गई है। मांग पूरी नहीं होने के बावजूद जिले में तीन दर्जन से अधिक समिति प्रबंधक हड़ताल छोड़कर अब काम पर लौटने को तैयार हो गए हैं। कुछ प्रबंधकों ने गुरुवार से ही काम शुरू भी कर दिया है। वहीं अधिकांश आज से समितियों में धान खरीदी करते नजर आएंगे। हालांकि संगठन अब भी हड़ताल जारी रहने की बात कह रहा है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल धान की सरकारी खरीदी के पहले सोसायटी कर्मचारियों ने सूखत की भरपाई के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। इस दौरान राज्य सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि सूखत की भरपाई सोसायटियों से नहीं की जाएगी। इस आश्वासन के बाद सोसायटी कर्मी हड़ताल से वापस लौटे थे। पिछले साल हुई धान खरीदी के बाद परिवहन समय पर नहीं किए जाने से सोसायटियों में रखा धान एक से दो फीसदी तक सूख गया है। सूखत की भरपाई के अलावा समय पर परिवहन कराने की मांग रखी गई थी। इसके अलावा प्रदेश के 2739 धान खरीदी केंद्र में कम्प्यूटर ऑपरेटर की आउटसोर्सिंग भर्ती सरकार बंद कर लगभग 18 वर्षों से कार्यरत है। आउटसोर्सिंग बंद कर ऑपरेटरों के लिए विभाग तय कर नियमित किए जाने और एमपी की तर्ज पर प्रबंधकीय अनुदान तीन-तीन लाख रुपए पर समिति दिए जाने की मांग शामिल थी।

## चार सूत्रीय मांग पर थी हड़ताल, कवर्धा-मोहला मानपुर में काम पर लौटे सभी समिति प्रबंधक

### बर्खास्तगी के बाद टूटा संगठन

समिति प्रबंधकों की हड़ताल के बीच शासन के निर्देश पर जिले में की गई चार समिति प्रबंधकों के बर्खास्तगी कार्रवाई के बाद संगठन में दो फाड़ देखने को मिला। सख्त कार्रवाई को देखते हुए कई समिति प्रबंधकों ने हड़ताल से वापस आने का मन बना लिया था। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों में भी हड़ताल पहले ही समाप्त हो गई थी। कर्मियों ने आज सुबह कलेक्टर जितेन्द्र यादव और सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल से मुलाकात कर हड़ताल से वापस लौटने का ऐलान किया।

### खास बातें

- राजनांदगांव जिले में 96, खैरागढ़ में 51 और मोहला मानपुर जिले में 27 समितियों के जरिये हो रही खरीदी



### खरीदी में तेजी, पहुंच रहे किसान

इधर अविभाजित जिले में गुरुवार को धान खरीदी में तेजी देखने को मिली। अब तक राजनांदगांव जिले में 4848 किसानों से 2.28 लाख क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 2285 किसानों से 1.32 लाख क्विंटल और मोहला मानपुर जिले में 447 किसानों से 16545 क्विंटल धान की खरीदी कर ली गई है। खरीदी के साथ ही किसानों को समर्थन मूल्य की राशि जारी किए जाने का काम भी शुरू हो गया है। वहीं लिंकिंग के जरिये कर्ज की वसूली का काम भी किया जा रहा है।

## सात साल बाद बढ़े जमीनों के सरकारी दाम, अचानक आदेश से हड़कंप

# शहर में सरकारी रेट दोगुने बढ़े! गांवों में भी खेत खरीदना महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सात साल बाद सरकार ने जमीनों के दाम में इजाफा कर दिया है। गुरुवार से लागू नए दर के अनुसार शहर के कई इलाकों में सरकारी दाम दोगुने तक महंगे हो गए हैं। शहरी क्षेत्र के अधिकांश इलाकों में 40 से 60 फीसदी दाम में इजाफा हो गया है। वहीं गांवों में अब खेत खरीदने के लिए भी अधिक दाम चुकाने होंगे। गांव के खेत प्रति एकड़ 76 लाख रुपए तक पहुंच गए हैं।

अलग खबर

ज्ञात हो कि नए नियम के तहत अब केवल मुख्य मार्ग एवं भीतरी मार्ग के अनुसार ही दाम तय किए गए हैं। नगर निगम क्षेत्र की बात करें तो शहर में सर्वाधिक 72000 रुपए वर्ग मीटर का सरकारी दाम तय किया गया है। जिसमें मानव मंदिर चौक से भारत माता चौक, जीई रोड से गौरीशंकर पेट्रोल पंप, नंदई चौक से बाल गोविंद चौक जैसे इलाके शामिल हैं। लगभग 9 वार्ड के मुख्य मार्ग की जमीनों का सरकारी दाम 72000 रुपए वर्ग मीटर कर दिया गया है। वहीं ग्रामीण इलाकों की बात करें तो पनेका, फरहद और बाकल में मुख्य मार्ग की जमीन का सरकारी दाम 1.90 करोड़ रुपए हेक्टेयर कर दिया गया है। यानि लगभग 76.92 लाख रुपए एकड़ सरकारी रेट कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में नई गाईड लाइन जारी किए जाने का ऐलान किया था। जिसके बाद जिलेवार समिति का गठन कर नए सरकारी दाम तय किए गए। अब नए सरकारी दाम तय किए जाने के बाद गुरुवार से उन्हें लागू भी कर दिया गया है। सरकारी दाम में अचानक हुए इजाफा ने जमीन कारोबार से जुड़े लोगों की चिंताए बढ़ा दी है। जमीन व्यापारियों का कहना है कि पहले से मंदी में चल रहे जमीन कारोबार को सरकारी दाम बढ़ाकर काफी बड़ा झटका दिया गया है।

## शहर के आठ वार्ड में प्रति वर्ग मीटर सरकारी दाम पहुंचे 72000 रुपए, तीन गांव में प्रति हेक्टेयर 1.90 करोड़ रेट



### शहर के वार्डों में जमीन के नए और पुराने दाम

वार्ड 1 में पहले 3400 अब 4500
वार्ड 2 में पहले 3600 अब 4500
वार्ड 3 में पहले 3200 अब 4500
वार्ड 4 में पहले 2900 अब 4500
वार्ड 5 में पहले 9500 अब 18000
वार्ड 6 में पहले 9500 अब 15000
वार्ड 7 में पहले 9500 अब 18000
वार्ड 8 में पहले 3400 अब 4500
वार्ड 9 में पहले 4700 अब 6000
वार्ड 10 में पहले 4800 अब 12000
वार्ड 11 में पहले 4800 अब 15000
वार्ड 12 में पहले 9500 अब 15000
वार्ड 13 में पहले 9500 अब 15000
वार्ड 14 में पहले 6400 अब 18000
वार्ड 15 में पहले 61000 अब 72000
वार्ड 16 में पहले 40000 अब 24000
वार्ड 17 में पहले 21000 अब 25000
वार्ड 18 में पहले 21000 अब 24000
वार्ड 19 में पहले 21000 अब 25000
वार्ड 20 में पहले 13500 अब 24000
वार्ड 21 में पहले 13500 अब 24000
वार्ड 22 में पहले 35000 अब 36000
वार्ड 23 में पहले 35000 अब 42000
वार्ड 24 में पहले 65000 अब 72000
वार्ड 25 में पहले 65500 अब 72000
वार्ड 26 में पहले 60000 अब 72000
वार्ड 27 में पहले 65000 अब 72000
वार्ड 28 में पहले 28000 अब 36000
वार्ड 29 में पहले 42000 अब 72000
वार्ड 30 में पहले 24000 अब 15000
वार्ड 31 में पहले 8500 अब 30000
वार्ड 32 में पहले 11500 अब 18000
वार्ड 33 में पहले 2600 अब 18000
वार्ड 34 में पहले 5500 अब 18000
वार्ड 35 में पहले 8500 अब 1800
वार्ड 36 में पहले 65000 अब 7000
वार्ड 37 में पहले 55000 अब 72000
वार्ड 38 में पहले 26000 अब 30000
वार्ड 39 में पहले 27000 अब 30000
वार्ड 40 में पहले 18500 अब 30000
वार्ड 41 में पहले 28000 अब 18000
वार्ड 42 में पहले 15500 अब 18000
वार्ड 43 में पहले 30000 अब 36000
वार्ड 44 में पहले 30000 अब 36000
वार्ड 45 में पहले 17000 अब 24000
वार्ड 46 में पहले 16000 अब 18000
वार्ड 47 में पहले 6500 अब 18000
वार्ड 48 में पहले 12500 अब 15000
वार्ड 49 में पहले 3700 अब 18000
वार्ड 50 में पहले 6000 अब 7000
वार्ड 51 में पहले 3200 अब 4500

टीप : वार्ड में जमीन के सर्वाधिक सरकारी दाम है। इनमें परिसीमन के बाद बदलाव शामिल नहीं है।

### इन गांव में अब जमीनें महंगी

ग्रामीण क्षेत्रों की संपत्तियों के दर 2025-26 के अनुसार पनेका, बांकल और फरहद में मुख्य मार्ग की जमीन का प्रति हेक्टेयर सरकारी दर 1.90 करोड़ रुपए तय किया गया है। वहीं मुख्य मार्ग से अंदर की जमीनों का दाम एक करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है। वहीं सबसे कम 34 लाख रुपए प्रति हेक्टयर के सरकारी दाम सेम्हरादैहान, डोम्हाटोला, बुंदेलीकला, बुंदेलीखुर्द, धौराभांठा के लिए तय किए गए हैं।

### डबल मार से कारोबार होगा प्रभावित

जमीन कारोबार से जुड़े लोगों ने बताया कि सरकारी दाम बढ़ने के साथ ही अब 35 डिस्मील के बाद एकड़ के अनुसार पंजीयन के निर्णय से डबल मार पड़ रहा है। यानि 35 डिस्मील तक अब वर्ग फीट के अनुसार ही स्टांप ड्यूटी और गाईडलाइन का रेट लगेगा। जबकि पहले एकड़ पर जमीन खरीदने से स्टांप ड्यूटी और गाईडलाइन दर एकड़ के अनुसार लगती थी।

### जमीन हुई महंगी, स्टांप ड्यूटी लगेगी अधिक

नए निर्णय के बाद अब मध्यम परिवारों पर सर्वाधिक बोझ पड़ने वाला है। एक तरफ जहां सरकारी दाम जमीनों के बढ़ा दिए गए हैं। वहीं रजिस्ट्री के समय लगने वाले स्टांप ड्यूटी एवं फीस में भी वृद्धि देखने को मिलेगी।

## गांव में जुआं खेलने के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव में जुआं खेलने के मामले में सोमनी पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 9370 रुपए एवं 52 ताश पत्ती जब्त किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम ठाकुरटोला तालाब के पास जुआं खेलने की सूचना पर स्टाफ ग्राम ठाकुरटोला रवाना हुए व मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। इस दौरान आरोपी पप्पु सोनी 36 साल, नीलकंठ निषाद 36 साल, हेमंत साहू 24 साल व महेश कुमार मारकंडे 25 साल सभी निवासी ठाकुरटोला थाना सोमनी को 52 पत्ती ताश से जुआं खेलते पकड़ा गया। आरोपियों के पास एवं फड़ से कुल 9370 रुपए एवं 52 पत्ती ताश जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## रात का तापमान चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



उत्तरी हवाओं से अंचल में बढ़ी ठंड से अब राहत मिलने लगी है। बदले मौसम के चलते जिले में अब रात का तापमान चढ़ने लगा है। जिले का न्यूनतम 12 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं दिन का तापमान 28 डिग्री पर जा पहुंचा है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में तापमान में और इजाफा होने के संकेत दिखाई दिए हैं। जिसके चलते ठिठुरन भरी ठंड से राहत मिलते हुई दिखाई दे रही है।

## बाइक चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस ने आरोपी से किया बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी के मामले में दो साल से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 14 नवंबर 2023 को प्रार्थी विवेक वर्मा 38 साल निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 नवंबर 2023 को जेल रोड पान ठेला के पास राजनांदगांव से आरोपी समीर खान निवासी मिलचाल जिला राजनांदगांव द्वारा उसकी बाइक को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 379 भादवि कायम किया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी समीर खान निवासी मिलचाल राम मंदिर के पास का लगातार पतासाजी किया जा रहा था। मुखबीर की सूचना पर 19 नवंबर को आरोपी समीर खान 35 साल निवासी मिलचाल राम मंदिर के पास को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया बाइक बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर 20 नवंबर को न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी 2 साल से फरार था।

## खात्मे की जंग से हड़बड़ाए नक्सली, सक्रियता दिखाने की कोशिश

# बस्तर संभाग में चल रहे आपरेशन से हड़बड़ाए नक्सलियों ने बार्डर क्षेत्र को बनाया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के बस्तर में चल रहे नक्सलियों के खात्मे की जंग से हड़बड़ाए नक्सली संगठन अब बार्डर इलाके में सुरक्षित ठिहा बनाने की तैयारी कर रहे हैं। यही कारण है कि दो साल बाद छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा पर लगे इलाके में नक्सलियों ने अपनी सक्रियता दिखाने की कोशिश की है। बैकफुट पर चले रहे नक्सलियों का दर्रेकसा दलम महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा के नक्सलमुक्त जिलों के इलाके में आवाजाही कर फोर्स से बचने की जद्दोजहद कर रहा है। बुधवार को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी दो नक्सलियों को गोली लगने की जानकारी सामने आ रही है। पुलिस और फोर्स ने गुरुवार को भी अपना संयुक्त आपरेशन को जारी रखा है।

नक्सलियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई शुरू होने के बाद पिछले एक साल से दर्रेकसा दलम के करीब दर्जनभर नक्सली महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों में स्थित जंगल में घूम रहे हैं। सूत्रों की माने तो मध्यप्रदेश की फोर्स को बुधवार को दर्रेकसा दलम के जैसे ही बोरतलाव थाना अंतर्गत कनघुर्रा के जंगल में होने की जानकारी मिली, उन्होंने छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को इसकी जानकारी देने के साथ ही आपरेशन लांच कर दिया। तीन राज्यों की फोर्स ने जंगल में तगड़ी मोर्चाबंदी की थी। पुलिस और नक्सलियों के बीच जमकर फायरिंग भी हुई। इस दौरान मध्यप्रदेश के निरीक्षक आशीष शर्मा शहीद हो गए। इधर पुलिस फायरिंग में दो नक्सलियों को भी गोली लगी है। सैकड़ों की संख्या में उतरी फोर्स ने गुरुवार को भी अपना आपरेशन जारी रखा है। सूत्रों की माने तो बस्तर में चल रही एक बड़ी जंग से बचने के लिए ही नक्सलियों ने बार्डर इलाकों को सुरक्षित ठिहा बनाने की तैयारी कर रखी है।

### टारगेट में 25 लाख का ईनामी विजय

तीनों राज्यों की फोर्स ने टारगेट में दर्रेकसा दलम का एसजेडसी सदस्य विजय नागपुरे है। इस पर 25 लाख रुपए का ईनाम घोषित है। हिड़मा सहित कई बड़े नक्सलियों के मारे जाने के बाद फोर्स के टारगेट में विजय नागपुरे है। यही कारण है कि तीनों राज्यों की फोर्स ने इस पर अपनी नजर बनाए हुए है।

**दो साल बाद बोरतलाव में घटना:** जिले के बोरतलाव थाना अंतर्गत पिछले दो साल पहले 2023 में दर्रेकसा दलम ने नाकेबंदी में लगे दो जवानों पर फायरिंग की थी। इस घटना में दोनों जवान शहीद हो गए थे। दर्रेकसा दलम के स्माल एक्शन ग्रुप द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना के बाद फोर्स का दबाव बढ़ने के साथ ही दलम के सदस्य यहां से बालाघाट इलाके में चले गए थे। तीनों राज्यों ने नक्सल आपरेशन तेज होने के कारण दर्रेकसा दलम ने कनघुरा के जंगल में अपनी आवाजाही शुरू की थी। वैसे ही पुलिस ने घेराबंदी कर दी है।

### शहीद टीआई आशीष का अंतिम संस्कार

मुठभेड़ में शहीद हुए बालाघाट के निरीक्षक आशीष शर्मा का नरसिंहपुर जिले के ग्राम बोहनी में अंतिम संस्कार किया गया। इसके पहले शहीद अफसर के शव को बालाघाट पुलिस लाइन में सलामी दी गई। डोंगरगढ़ में कल रात पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया था। आज सुबह शहीद अफसर का शव जैसे ही उनके गांव पहुंचा, लोगों ने उन्हें नम आखों के साथ अपनी श्रद्धांजलि दी।

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................. 2. पिता / पति ..................
3. जन्म तिथि अंकों में .................. 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................. पोस्ट .................. तहसील ..................
थाना .................. जिला .................. पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................. मो. नं. 2 .................. वाट्सअप नं. ..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मुनिसंघ का 21 को नांदगांव मंगल प्रवेश

**डोंगरगढ़।** श्री दिगंबर जैन तीर्थ चंद्रगिरि में आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित मुनि धर्मसागर महाराज, मुनि भावसागर महाराज एवं आर्यिका आदर्शमति माता, आर्यिका संवरमति माता, आर्यिका विनीत मति माता के सान्निध्य में गत 19 नवंबर को मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुईं। मुनि संघ साश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर की ओर बिहार कर रहे है। मुनिसंघ आगामी 21नबंवर को राजनांदगांव, पहुंच सकता है। मांगलिक क्रिया के दौरान मुनि भावसागर महाराज ने कहा कि निर्वाण भूमियां परम मंगलकारी होती है। तीर्थ यात्रा से ऐतिहासिकता का बोध, महापुरुषों की स्मृति, मन में शांति, परिणाम पवित्र होते हैं।

### उद्यमिता प्रबंधन कार्यक्रम में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** पुणे स्थित सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और उत्कर्ष लर्न एंड ग्रो के तत्वावधान में आयोजित उद्यमिता प्रबंधन विकास कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी शामिल हुए। श्री लोधी ने सिम्बायोसिस संस्थान की इस पहल की सराहना बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल कार्यकुशलता बढ़ाते हैं बल्कि नवाचार और नेतृत्व क्षमता को मजबूती प्रदान करते हैं।



### खड़गांव में धान खरीदी प्रारंभ

**खड़गांव।** खडगांव क्षेत्र के उपकेंद्र में धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। आसपास बड़ी संख्या में किसान धान बेचने पहुंच रहे है और सुविधा के साथ धान बेच रहे है। धान खरीदी उपकेंद्र के अरुण मरकाम ने बताया कि खरीदी शुरू होने के पहले ही सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई थी। किसानों को सभी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। बिंदुराम मंडावी ने बताया कि पहले और दूसरे दिन दो टोकन कटे थ जिनका धान खरीद लिया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आगामी दिनों भरपूर मात्रा में धान बिकने आएगा जिसकी व्यवस्था उपकेंद्र में कर ली गई है। धान उपकेंद्र खुलने से किसानों में खुशी का माहौल है।

### जिले में अब तक छह हजार क्विंटल धान की खरीदी

**मोहला।** समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो गई है। जिले की 19 सेवा सहकारी समितियों के 27 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी व्यवस्थित ढंग से की जा रही है। जिले में 148 किसानों से अब तक 5090 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन में प्रत्येक उपार्जन केंद्र में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, ताकि अवैध धान की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई जा सके। जिले के अधिकारी-कर्मचारियों का निरीक्षण दल का गठन किया गया जो उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति के मार्गदर्शन में उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और किसान हितैषी बनाकर लागू की गई है जिससे किसानों में बढ़ा विश्वास और सहयोगिता देखने को मिल रही है।

### सुचारू रूप से धान खरीदी जारी

**चिचोला।** सेवा सहकारी समिति चिचोला महाराजपुर में किसानों के धान की खरीदी शुरू हो गई। समिति में अब 1376 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है जिसमे मोटा धान 216 क्विंटल, पतला 643, सरना 116 क्विंटल शामिल है। पटवारी डोमेन ने बताया कि सुचारू रूप से खरीदी किया जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार दिक्कत का सामना न करना पड़े इस कारण सभी व्यवस्था किया गया है। पटवारी को प्रबंधक का काम देने से दूसरे काम में दिक्कते आ रही हैं। लोकल कर्मचारी कंप्यूटर आपरेटर का दायित्व संभाले हुए है।



### संजीवनी टीम ने मनाया बचपन उत्सव

**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच ने प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र नवागांव में बचपन उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों को अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की जानकारियाँ सरल भाषा में दी गई। इस मौके पर विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिता आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संजीवनी टीम के डॉ ईश्वर यादव, शशि साहू, डालेश्वर उईके, आशीष साहू, निखिल सहारे आदि शामिल हुए।




### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**मोहला।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा आगामी 7 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय पूर्वाहन 12 से 2:15 बजे तक निर्धारित है। व्यापम ने परीक्षा के संचालन और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिनका पालन सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा। निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन कर लेना होगा तथा परीक्षा वाले दिन कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना आवश्यक होगा। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। व्यापम ने ड्रेस कोड भी अनिवार्य किया है, जिसके तहत अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने होंगे। काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैगनी व गहरा चॉकलेट रंग पहनना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा, परीक्षार्थियों को केवल चप्पल पहनने की अनुमति दी गई है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना प्रतिबंधित है।

## निधन



### केशवराम साहू

**खड़गांव।** किराना व्यापारी केशवराम साहू का निधन हो गया। कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब था। उनका इलाज रायपुर के एम्स हास्पिटल में चल रहा था। मध्य रात्रि उनका निधन हो गया। वह तिलकराम साहू और धनेशराम साहू के पिता थे। ग्राम के व्यापारियों ने दुकान बंद कर शोक जताया।

## घटना से खड़गांव में फैली सनसनी, आरोपी गिरफ्तार

# एयरगन से फायरिंग कर युवक को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

अंचल के ग्राम ढोकला में एयरगन से गोली चलने से एक युवक के घायल होने का सनसनीखेज मामला 19 नवंबर को सामने आया। घटना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ढोकला निवासी आरोपी लालदास दुग्गा को गिरफ्तार कर लिया है। घायल युवक को उपचार के लिए जिला हास्पिटल राजनांदगांव भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार ढोकला निवासी लालदास दुग्गा बुधवार को शाम 5 बजे के आसपास एयरगन लेकर खडगांव के बस स्टैंड चौक पहुंचा। पक्षियों को मारने के चक्कर में बैठा था इसी दौरान उसने नवागांव निवासी जीवन पटेल को एयरगन से गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

## एयरगन और गोलियां बरामद

### 9 हजार में खरीदा था एयरगन और गोलियां



घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस को अपने बयान में बताया कि उसने मोहला से 9 हजार में एयरगन और उसकी गोलियां खरीदा था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मौके पर पहुंच कर एयरगन और लगभग तीस गोलियां जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी लालदास दुग्गा निवासी ढोकला वर्तमान में पुलिस हिरासत में है और पीड़ित नवागांव निवासी जीवन पटेल राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में भर्ती हैं।

# जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने जमा किया गणना पत्रक



**खैरागढ़।** शहर के दुर्गा चौक स्थित शा स की य प्रायोगिक प्राथमिक शाला में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने एसआईआर सर्वे तहत अपना गणना पत्रक बीएलओ बबिता दुबेली को सौंपा। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। निरीक्षण दौरान बीएलओ बबिता दुबेली ने उपाध्यक्ष को बताया कि दो मतदान केन्द्रों के कुल 1400 गणना पत्रकों में से अब तक केवल 400 पत्रक ही जमा हो पाए हैं जबकि शेष अभी भी लंबित हैं। इस पर श्री सिंह ने निर्देश दिया कि घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं तक पहुंचकर सत्यापन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं होना चाहिए। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने गणना पत्रक में आवश्यक जानकारी भरकर जल्द से जल्द संबंधित बीएलओ के पास जमा करें, जिससे ऑनलाइन अद्यतन कार्य समय पर हो सके।

### भाजपा कार्यकर्ता कर रहे सहयोग

जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेषर साहू ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता भी एसआईआर कार्यों में बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं और लोगों को फार्म भरने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री शशांक ताम्रकार, जिपं सभापति दिनेश वर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह, आलोक श्रीवास, अनीश सिंह और ऋषि सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोष्ठी में दी किसानों को कृषि उपयोगी जानकारी




**सड़क अतरिया।** ग्राम सड़क अतरिया में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आत्मा एवं उपसंचालक कृषि विभाग ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान किसानों को तमिलनाडु में पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। विभाग के अधिकारियों ने किसानों को रबी फसलों की बोआई, खाद, बीमारी, दवा एवं बेहतर उत्पादन करने के बारे में बताया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 21 वी किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित किया। पशु विभाग के चिकित्सक ने कृषक एवं पशु पालकों को पशुओं को होने वाले रोग एवं उससे बचने के उपाय सुझाए। इस दौरान कृषि विभाग के सहायक संचालक लुकमान साहू, सहायक पशु चिकित्सक डा. योगेश कटारे, उमेश देशमुख, यशपाल वर्मा, कृषि अधिकारी मोहित बजरंग, वीरेन्द्र वर्मा, शंकर मानिकपुरी सहित कृषक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# लाखों के चावल की अफरा-तफरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मार्केटिंग सोसायटी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की सांठगांठ से चावल की अफरातफरी करने के साथ राशि का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। शहर की कई राशन दुकानों को आबंटित चावल को बाजार में बेच कर अधिकारियों ने राशि हजम कर लिया है। शिकायत के बाद जांच में अभी तक 5 से 6 लाख की गडबडी पकड़ में आई है किंतु अब मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। फूड इंस्पेक्टर सिद्धांत मिश्रा ने बताया कि कालकापारा एवं बुधवारी पारा की शासकीय राशन दुकान से तत्कालीन प्रभारी अधिकारी एवं चौकीदार ने सांठगांठ कर गोदाम से चावल निकालकर ऊंचे दाम पर बेच दिया। जांच के बाद गड़बड़ी की पुष्टि करते हुए फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव को जांच प्रतिवेदन सौंप दिया गया। माह भर बीतने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि दबाव में मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

## खुलासे के बाद कार्रवाई नहीं




### नहीं मिली जांच रिपोर्ट

अनुविभागीय अधिकारी एम भार्गव ने बताया कि उन्हे ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है और न ही जांच रिपोर्ट मिली है। इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

### कई दुकानों में गड़बड़ी

जानकारी के अनुसार लगभग एक दर्जन राशन दुकानों में गडबडी को पुष्टि ऑडिट में होने के बाद मामले को रफादफा करने कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षक के रूप में भी पदस्थ उक्त अधिकारी के कार्यकाल में कई गडबडी सामने आई थी जिसकी अब तक जांच नहीं हो सकी है।

# आचार्यश्री की समाधि स्थल पर हुए मांगलिक आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री धर्म सागर महाराज, मुनिश्री भाव सागर महाराज, आर्यिका आदर्श मति माता, आर्यिका संवर मति माता, आर्यिका विनीतमति के सानिध्य और ब्रह्मचारी मनोज भैया के निर्देशन में 17 नवंबर को मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुईं। मुनि संघ ने प्रतिभास्थली, समाधि स्थल, हथकरघा परिसर का अवलोकन किया।

उक्त अवसर पर मुनि श्री भावसागर महाराज ने कहा कि पंच नमस्कार मंत्र के प्रभाव से सभी सिद्धियां हासिल होती हैं। इस मंत्र से शाश्वत पद की प्राप्ति होती है। प्रतिदिन भगवान को श्रीफल चढ़ाना चाहिए किन्तु ऐसा नहीं कर सकते तो सप्ताह या महीने में भी चढ़ा सकते हैं। प्रभु के यहां कभी खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। भगवान को जितना चढाते हैं उससे कहीं ज्यादा मिलता है।

### चरण चिन्ह की प्रतिष्ठा

इसी क्रम में 18 नवंबर को समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज के चरण चिह्न की प्रतिष्ठा की गई। आचार्य श्री की 36 भाषाओं में पूजन के साथ आचार्य छत्तीसी विधान किया गया। रात्रि में एक शाम गुरुवर के नाम भजन संध्या एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

# बाल मेला में बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बाल मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि मोरध्वज चंद्रवंशी, प्राचार्य अशीम कुमार यदु आदि ने मां सरस्वती एवं पं. जवाहरलाल नेहरू की पूजा अर्चना कर राज्य गीत एवं राष्ट्रगान के साथ किया। श्री चंद्रवंशी ने पंडित नेहरू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्राचार्य, थंगेश्वर साहू, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य ने बच्चों को संबोधित किया। बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, नोहरदास लिल्हारे, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमिन ठाकुर, दानेश्वर साहू, प्रकाश सूर्यवंशी, रेशम पटेल, तामेश्वर साहू, कुमलाल पटेल आदि मौजूद थे।

### बिरसा मुंडा को किया याद

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर चित्रकला प्रतियोगिता, संगोष्ठी एवं जनजातीय इतिहास संबंधी चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्राचार्य अशीम यदु आदि ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा के संघर्ष, जल जंगल जमीन आंदोलन और उनके स्वाभिमान पूर्ण व्यक्तित्व को संजीव चित्रित किया। प्राचार्य, थंगेश्वर साहू, अनुराधा ढोक ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, राजेश नेताम, पालकराम वर्मा, जितेंद्र कश्यप, नोहर लिल्हारे, जानकी वल्लभ तंबोली, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमिन ठाकुर आदि शामिल हुए।

### निविदा 28 को खुलेगी

**मोहला।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 अंतर्गत जिले के तोलुम और कहगांव रेत खदानों की ई-नीलामी के लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली 14 से 20 नवम्बर तक आमंत्रित की गई थी। पहले निविदा खोलने की तिथि 21 नवम्बर निर्धारित थी, जिसे अब अपरिहार्य कारणों से बदलकर 28 नवम्बर कर दिया गया है। दोनों रेत खदानों की निविदा खोलने तथा अधिमानी बोलीदार चयन की प्रक्रिया 28 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न होगी।

# डिजिटल क्लास रूम का उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगांव

आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के वित्तीय सहयोग से समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने पूर्व माध्यमिक शाला में स्मार्ट क्लास अंतर्गत डिजिटल क्लास रूम, विज्ञान कक्षा, पुस्तकालय, पेयजल, फर्नीचर का प्रबंध किया गया है। क्लास रूम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, श्री मृत्युंजय सीएसआर सेंट्रल इंडिया लीड, प्रशांत बर्मन सीएसआर मैनेजर, भाया सिंगझारे प्रोजेक्ट मैनेजर, नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले, प्रिया आनंद, श्रीनिवास मिश्रा, कालिंद्री तिवारी ने किया। समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने क्लास रूम के लिए डिजिटल टीवी, फर्नीचर, वाटर कूलर, सीलिंग पंखा, पुस्तकालय के लिए रेक, विज्ञान कक्ष के लिए विज्ञान सामग्री प्रदान किया है। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस दौरान जनपद सदस्य प्रतिमा खरे, सरपंच कौशल चंद्रवंशी, उपसरपंच योगेश साहू, सीआरपी अंकिता गोस्वामी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन प्रधान पाठक आरबी साहू ने किया।

## सेक्टर स्तरीय स्पर्धा आयोजित

# बैडमिंटन स्पर्धा में गंडई कॉलेज उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय गंडई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 18 एवं 19 नवंबर को शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित की गई थी।

महाविद्यालय के पुरुष खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। जयसूर्या सोनी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर और सिब्लैन कुरैशी बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की जोड़ी ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता होने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबला दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव और शासकीय महाविद्यालय गंडई के बीच खेला गया, जो काफी रोमांचक रहा। स्पर्धा में क्रीड़ा अधिकारी अनीता पौशार्य ने टीम का प्रतिनिधित्व किया। टीम में सुमित यादव बीए तृतीय सेमेस्टर, दीक्षा नामदेव बीएससी तृतीय सेमेस्टर एवं नीतू निषाद बीए प्रथम सेमेस्टर शामिल थी। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे ने बधाई दी है।



# बच्चों ने कल्पना को भरा रंग



**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट ने प्राथमिक शाला मनकी में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। बाल मेला में बच्चों ने उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस मौके पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर अपनी कल्पनाओं को कागज़ पर उतारा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को समर्थ प्रोजेक्ट परिवर्तन की ओर से पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर प्रधानपाठक अनिता त्रिवेदी, शिक्षक रवि साहू, समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट के नंदलाल साहू, सोमनाथ आदि मौजूद थे।

## सार समाचार

### रेजांगला : साहस और अद्वितीय वीरता की मिसाल

**राजनांदगांव।** कौरिनभाठा स्थित यादव समाज के सामाजिक भवन में मंगलवार को रेजांगला युद्ध (18 नवंबर 1962) में शहीद हुए 114 अहीर वीरों की स्मृति में अहीर शौर्य दिवस मनाया गया। सामाजिकजनों ने शहीदों के पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूदेव हरीश यादव ने कहा कि रेजांगला युद्ध भारतीय सेना के इतिहास में वीरता का प्रतीक है। अहीर जवानों ने जिस साहस के साथ दुश्मन का सामना किया, वह आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज को अपने इन वीर शहीदों के बलिदान को याद रखकर एकजुटता और राष्ट्रभाव को मजबूत करना चाहिए। हरीश ने अहीर रेजीमेंट की मांग की है। कार्यक्रम में महेश यादव, शीलू यादव, दिग्विजय, रिंकू, संदीप, कौशल, अमित, विक्रांत, लक्की, अक्षय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। सभी ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता जताते उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



### तिलईरवार में चला नशामुक्त भारत अभियान

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ लिया गया। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में प्राचार्य अशीम यदु ने छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी। व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने विद्यार्थियों, स्टॉफ, नागरिकों व पालकों को नशामुक्त गांव, जिला, राज्य एवं देश बनाने शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया मादक पदार्थों की लत के खतरे से जूझ रही है। जिसका व्यसनी, व्यक्ति, परिवार और समाज के एक बड़े वर्ग पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, राजेश कुमार नेताम, पालकराम वर्मा, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहरदास लिलहारे, जानकी वल्लभ तंबोली, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन अशीम यदु द्वारा किया गया।



### बाल दिवस पर भ्रमण का आयोजन

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर शाला द्वारा बच्चों के लिए एक दिवसीय भ्रमण (पिकनिक) का आयोजन किया गया। इस पिकनिक में कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चे शामिल हुए। पिकनिक में कक्षा पहली से चौथी तक के बच्चे मैत्रीबाग भिलाई, कक्षा 5वीं से 8वीं के छात्र जंगल सफारी रायपुर, कक्षा 9वीं से 11वीं के छात्र एक्वा विलेज वाटर पार्क एवं कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों को चोकरधानी रायपुर ले जाया गया। पिकनिक में बच्चे उत्साहित रहें। पूरे आयोजन में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते जवाहर लाल नेहरू के सिद्धांतों का स्मरण कराया। इस अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जहां बाल दिवस के आयोजन की संक्षिप्त चर्चा की गई। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी व बच्चे उपस्थित रहे।



### नशाखोरी के दुष्परिणामों से युवाओं को दी जानकारी

**राजनांदगांव।** देश में बढ़ती नशाखोरी की समस्या के समाधान और युवाओं को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने के उद्देश्य से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय द्वारा शपथ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासन से प्राप्त दिशा निर्देश के तहत आयोजित किया गया। जिसका मुख्य लक्ष्य समाज को नशे के चंगुल से मुक्त करना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता महिश्वर ने महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्रों को सामूहिक रूप से नशा न करने और अपने समुदाय में नशा मुक्ति के लिए सक्रिय रूप से काम करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशाखोरी हमारे समाज की जड़ों को खोखला कर रही है। हमारा उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं है, बल्कि पीड़ित व्यक्तियों को मुख्य धारा में वापस लाने एक मजबूत समर्थन प्रणाली प्रदान करना है। हर व्यक्ति को स्वस्थ और नशामुक्त जीवन जीने का अधिकार है। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता बख्शी, डॉ. किरण लता दामले, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, दीपक परगनिया उपस्थिति रहे।



### धान विक्रय हेतु पंजीयन 25 तक

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025 में धान विक्रय हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन हेतु तिथि में वृद्धि करते 25 नवंबर 2025 तक की गई है। धान विक्रय हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन के लिए छूटे हुए किसान निर्धारित तिथि तक अपने संबंधित तहसील कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। किसानों द्वारा पंजीयन, आवश्यकतानुसार कैरीफारवर्ड या संशोधन का कार्य नहीं करने पर धान विक्रय करने एवं कृषक उन्नति योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष खरीफ 2024 में जिले के 133285 कृषकों ने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया था। उनमें से 124308 किसानों ने इस वर्ष खरीफ 2025 में पंजीयन कैरीफारवर्ड कराया है। 1646 कृषकों के निरस्तीकरण के बाद भी अभी 7331 कृषकों का कैरीफारवर्ड छूटा है। शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, नवीन पंजीयन, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड तथा पंजीकृत फसल व रकबे में संशोधन हेतु 25 नवम्बर 2025 तक अतिरिक्त समय का प्रावधान तहसील लॉगिन में किया गया है।

### राष्ट्रीय स्तरीय खेल में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** चतुर्थ एकलव्य आदर्श विद्यालयों की राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ओडिशा में किया गया। प्रतियोगिता में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दिव्यांश ने ताइक्वांडो में रजत पदक तथा हुमेश व खेमन और एकलव्य के कबड्डी व कुश्ती में छात्रों ने कांस्य पदक जीता। सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास दीक्षा गुप्ता सहित विद्यालय के प्रचार्य एवं शाला परिवार ने छात्रों की उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

## विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का किया निरीक्षण

# महोत्सव का सांसद ने किया शुभारंभ, प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का सांसद संतोष पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथियो के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल व नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा व राजकुमारी इंदिरा के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद राज्य गीत व विवि के कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। इससे पहले सांसद संतोष पांडेय ने विवि के आर्ट गैलरी का फीता काटकर शुभारंभ किया इस दौरान उनके साथ अतिथियों ने आर्ट गैलरी में विभिन्न कलाओं की प्रदर्शनी के साथ विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया।

## संगीत और कला आनंद के साथ शांति प्रदान करता है



### अलग से पहचाने जाते है स्टुडेंट

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने महोत्सव आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि संगीत और कला मनुष्य को आनंद के साथ-साथ शांति और निरोग प्रदान करता है। संगीत के रागों में काफी विशेषता है और आज विश्व भर में किए गए विभिन्न प्रयोगों से यह सिद्ध हो चुका है की संगीत केवल मनोरंजन या आनंद का माध्यम नहीं बल्कि निरोग और सुखी जीवन का आधार भी है। विधायक भावना बोहरा ने कहा संगीत विवि से छत्तीसगढ़ की पहचान देश ही नहीं विदेश में भी बनी हुई है। चित्र प्रदर्शनी का उल्लेख करते हुए कहा कि कला को समझने व देखने का समझ तथा परख भी होनी चाहिए। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पहचान अलग से हो जाती है क्योंकि वह अपनी कला और संगीत साधना की धुन में रहते हैं। यहॉ हर गली मुहल्ले से संगीत, वाद्य और तबले की थाप सुनाई देती है। एक कलाकार अपनी कल्पना और भावनाओं को कला के माध्यम से प्रस्तुत करता है जिसे समझने की आवश्यकता होती है।

### प्रस्तुतियों ने मोहा मन

महोत्सव के पहले दिन विवि के लोकसंगीत एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद पं गौरीशंकर कर्मकार अमेरिका ने तबला वादन की प्रस्तुति दी। प्रतिध्वनि पूरब से पश्चिम तक प्रो बेंजामिन बून अमेरिका और प्रो डॉ लवली शर्मा ने शानदार प्रस्तुति दी, जिसने खूब तालियां बटोरी। विदुषी आस्था गोस्वामी वृंदावन उप्र ने मन वृंदावन उपशास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी। विवि के कला संकाय अंतर्गत नाट्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पेइंग गेस्ट नाटक की प्रस्तुति दी जिसका निर्देशन अतिथि व्याख्याता डॉ शिशु कुमार ने किया है। अंतिम प्रस्तुति जितेन्द्र कुमार साहू बालोद के लोक सांस्कृतिक दल सोनहा बादर की हुई। इस दौरान बड़ी संख्या मे दर्शकों की भीड़ उमड़ी।

### इंदिरा के सामने राजकुमारी जोड़ना सच्ची श्रद्धांजलि

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि संगीत विवि को देश-विदेश में प्रतिस्थापित करने में इस महोत्सव का बहुत बड़ा योगदान है। बारहवीं की पढ़ाई के बाद डॉक्टर, इंजीनियर या वकील बनने के लिए अच्छे नंबरों से पास होना पड़ता है, लेकिन एक संगीतज्ञ या कलाकार बनने के लिए सतत परिश्रम और साधना करना पड़ता है तभी वह अपने आप को एक प्रतिष्ठित कलाकार के रूप में स्थापित कर पाता है। श्री सिंह ने कहा की विवि के नाम के सामने महज इंदिरा की जगह राजकुमारी इंदिरा होना चाहिए तभी संगीत कला के उत्थान के लिए सहर्ष हंसते मुस्कराते राजमहल दान करने वाले दानवीर राजा-रानी और राजकुमारी इंदिरा जिनकी स्मृति में यह विवि निर्मित है उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि सभी के सहयोग से खैरागढ़ महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। नगर सहित पूरे क्षेत्र में खैरागढ़ महोत्सव को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अंत में कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।

## केंद्र का निरीक्षण कर रहे किसान कांग्रेस के नेता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईखदान

■ अव्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी

धान खरीदी केंद्रों की अव्यवस्थाओं को लेकर किसानों की बढ़ती परेशानी के बीच जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने आज विभिन्न खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखी।

किसानों ने बताया कि 15% से अधिक नमी वाले धान को केंद्रों में स्वीकार नहीं किया जा रहा, जिसके कारण बड़े पैमाने पर खरीदी रुकी हुई है। इसी वजह से कई किसान अपनी धान को खरीदी की अनुमति देने की मांग कर रहे हैं, ताकि वे बार-बार धान सुखाने की मजबूरी से बच सकें। इसके अलावा कई केंद्रों में उपयंत्री और कृषि विभाग के कर्मचारी सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक स्वयं खरीदी प्रक्रिया संभालते देखे गए, जबकि हड़ताल पर गए कर्मचारियों की आने से ही व्यवस्था में सुधार आ पाएगी। जिसके कारण किसानों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे लेकर किसानों ने नाराजगी जताई है।

गोपालपुर, सिलपट्टी और भांटापारा खरीदी केंद्रों में आज सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। किसान अपनी बारी के लिए घंटों लाइन में खड़े रहे, लेकिन धीमी गति से चल रही प्रक्रिया ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी। धान में नमी को लेकर उपस्थित अधिकारी कर्मचारी धान लेने में असमर्थता जाहिर कर रहे है। देवराज किशोर दास ने कहा कि किसानों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने और किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की। आज धान मंडियों में निरीक्षण के दौरान सज्जाक खान, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, आत्माराम जंघेल, जयराम मंडावी सहित निगरानी समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

# साखा में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

## सरपंच ने रखी कई मांगें, विक्रांत सिंह ने 2 लाख की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईखदान

ग्राम पंचायत साखा में शिक्षा विभाग संकुल घिरघोली द्वारा आयोजित जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण, पंच-सरपंच, वरिष्ठजन, ग्रामवासी तथा आसपास के विद्यालयों से आए बच्चे, शिक्षक एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के दौरान ग्राम पंचायत साखा के सरपंच ने मंच से विद्यालय से जुड़ी प्रमुख समस्याओं स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण, शिक्षक की कमी, बोर खनन अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से अतिथियों को अवगत कराया और समाधान की मांग रखी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विक्रांत सिंह ने ग्राम के शिक्षा विकास हेतु महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए साखा स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। घोषणा होने पर ग्रामीणों और विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा। श्री सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस भीड़भाड़ वाली जिंदगी में अपने को सुदृढ़ और स्वस्थ्य रखने के लिए हमें खेल का सहारा लेना पड़ेगा,जो हमारे स्वास्थ्य को स्वस्थ्य रखता है। बच्चों ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच कपिनाथ महोबिया, पूर्व विधायक कोमल जांघेल, ललित चोपड़ा, नवनीत जैन, स्कूल के छात्र छात्राएं, शिक्षक गण सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# खरीदी केंद्रों में पहुंचे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत, किसानों ने जताई संतुष्टि



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समिति रगरा, बाजार अतरिया और गाड़ाडीह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने पहुंचकर धान विक्रय करने पहुंचे किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों से धान खरीदी की प्रक्रिया, टोकन व्यवस्था की सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान किसानों ने उन्हें बताया कि वो ऑनलाइन टोकन कटाकर धान बेचने पहुंचे हैं और उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि समिति में व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है, जिससे उन्हें समय पर और आसानी से धान तौल कराने में सुविधा मिली है। श्री सिंह ने धान खरीदी में लगे हुए कर्मचारियों से भी धान खरीदी की व्यवस्था, तौल मशीन की स्थिति, भुगतान प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ लगातार दुरुस्त रखने कहा। इस दौरान हरप्रसाद वर्मा, चेतन वर्मा, लालाराम वर्मा, देवकुमार सेन, मुकेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, केशव चन्देल, गजेश वर्मा सहित अन्य ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के साथ संयुक्त रूप से धान खरीदी केंद्रों की स्थिति का अवलोकन किया और किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना।

# 51 फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर कुलपति ने किया खैरागढ़ महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़



संगीत नगरी में खैरागढ़ महोत्सव के आयोजन अवसर पर आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के तहत हमर तिरंगा, हमर खैरागढ़ के भाव को जीवंत करते हुए राष्ट्रभक्ति की भावनाओं को एकत्र करने वाली सेवाभावी संस्था नागरिक एकता मंच के तत्वावधान में अंबेडकर चौक मे 51 फीट ऊँचा तिरंगा फहराया गया।

यह पहला अवसर है कि महोत्सव के आयोजन में 51 फीट ऊंचा राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज फहराया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण और संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। देश भक्ति नारों के साथ तिरंगे की सामूहिक वंदना बाद 51 फीट ऊँचे खंभ पर तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम मे कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर खैरागढ़ के समाजसेवा का काम तो सराहनीय है ही साथ ही देशभक्ति को समर्पित कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दर्शाता है कि हम अलग नहीं हैं हम सभी खैरागढ़ वासी हैं। हमें इसी तरह मिलकर प्रयास करना है और आगे बेहतर कार्य करना है। पूरी टीम को आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्यों के लिए विवि हमेशा उनके साथ है। इससे पहले रुपेश देवांगन ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को स्वालंबन की दिशा में प्रेरित करते हुए स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण, नशा मुक्ति, शिक्षण व रचनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी। संचालन अनुराग तुरे और आभार प्रदर्शन किशोर शर्मा ने किया। इस दौरान उत्तम बागड़े, समशूल होदा खान, गोविंद सोनी, उमेन्द्र पटेल, ऋषिदीप सिंह, डॉ मकसूद अहमद, नितेश जैन, किशोर शर्मा, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत, मंगल सारथी, अमीन मेमन, लकेश्वर जंघेल, विनोद वर्मा, चंद्रेश कोसरे, हेमंत लहरे, याकूब खान सहित अन्य उपस्थित

### 2021 से जारी है परंपरा

जिला मुख्यालय में देशभक्ति की भावना के साथ नागरिकों में जोश भरने वाली यह परंपरा वर्ष 2021 से जारी है जिसमें राष्ट्रीय पर्व से पूर्व तिरंगे की शान को दिन रात उचित प्रकाश व्यवस्था के साथ प्रदर्शित किया जाता है। खैरागढ़ महोत्सव के भव्य आयोजन पूर्व संगीत विवि की कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर महोत्सव के संयोजक प्रो वेंकट रमन गुडे, प्रो राजन यादव, प्रो दिवाकर कश्यप, प्रो लिकेश्वर वर्मा, प्रो कौस्तुभ रंजन, प्रो सुशांत दास, प्रो कपिल वर्मा, प्रो विकास चंद्रा, प्रो छगन उसेंडी व सीपी गायकवाड सहित अन्य उपस्थित थे।

# हाथीझोला में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

■ सालों पुरानी मांग ग्रामीणों की हुई पूरी
■ क्षेत्र विकास की नई राह पर बढ़ रहा है

वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे बैगा बहुल हाथीझोला में सांसद संतोष पांडेय की घोषणा अनुसार 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया।

जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि सांसद संतोष पांडेय इस गांव में पहुंचने वाले पहले सांसद हैं। उन्होंने यहां के लोगों की सालो पुरानी मांग पर सामुदायिक भवन की घोषणा की थी जिसका आज भूमि पूजन किया जा रहा है। निर्माण तेजी से पूरा होगा और लोकार्पण के लिए सांसद फिर गांव आएंगे। उन्होंने कहा कि अब विकास उन गांवों तक भी पहुंच रहा है, जो अब तक मुख्यधारा से दूर थे। पीएम जनमन योजना के तहत 100 करोड़ से ज्यादा का काम इलाके मे जारी है। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सांसद संतोष पांडेय के प्रयासों से कटेमा, लछना झिरिया जैसे गांवों में आजादी के 80 साल बाद पहली बार बिजली पहुंची है। जनजातीय गौरव दिवस के तुरंत बाद यह क्षेत्र विकास की नई राह पर बढ़ रहा है।

भाजपा नेता निजाम सिंह मंडावी ने कहा कि सरकार लगातार इस क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है और अब दूरस्थ गांव भी योजनाओं से जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शत्रुघन साहू, बैगा समाज के मुड़ादार, समाज प्रमुख जीवन मेरावी, प्रकाश जंघेल, रमेश जंघेल, संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। हाथीझोला के पास स्थित कल्लेपानी में भी जिपं सदस्य हेमलता मंडावी की निधि से बनने वाली सीसी रोड का भी भूमि पूजन किया गया।



## सार समाचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की किराना स्टोर्स की जांच

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में लगातार दबिश देकर औचक जांच की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव शहर के नंदई चौक स्थित गणेश किराना स्टोर्स की जांच की गई। जांच में प्रतिबंधित केशर युक्त सितार विक्रय हेतु भंडारित पाया गया, जिसे जब्त कर नमूना जांच हेतु लैब भेज दिया गया है। लगभग 7 हजार मूल्य की एक बोरी सितार सामग्री को सीज कर विक्रेता की अभिरक्षा में रखा गया है। दुकान का निरीक्षण करने पर बड़ी मात्रा में कालातीत सामग्री अव्यवस्था के बीच भंडारित पाई गई। इसी तरह एक अन्य मामले में साबुन डिटेर्जेंट के होलसेलर विक्रेता अनिल ट्रेडिंग के संचालक द्वारा बिना वैध अनुज्ञप्ति पंजीयन के चायपत्ती का कारोबार किया जा रहा था, जिस पर टीम द्वारा कार्रवाई करते नमूने जब्त कर बिना लाईसेंस कारोबार का प्रकरण दर्ज किया गया एवं जांच की कार्रवाई जारी है।

### सेवानिवृत्त पर प्रधान पाठक मार्शल को विदाई

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला तुरेंगढ़ में पदस्थ प्रधानपाठक मियनलाल मार्शल के 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने



पर शाला परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मार्शल के परिजनों के अलावा शिक्षकों एवं उनके शुभचिंतकों ने उनके स्वस्थ, सुदीर्घ, यशस्वी एवं मंगलमय जीवन की कामना करते उन्हें शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि मार्री निवासी मार्शल की प्रथम नियुक्ति 21 दिसंबर 1984 को सहायक शिक्षक के पद पर पूर्व माध्यमिक शाला अरजकुंड विकासखंड अंबागढ़ चौकी में हुई थी। इसके पश्चात वे 2006 में उच्च वर्ग के शिक्षक तथा 2010 में पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हुए थे। श्री मार्शल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता मार्शल वर्तमान में ग्राम पंचायत मार्री की सरपंच के रूप में सेवाएं दे रही है। उनके परिवार में पुत्र गजेन्द्र, पुत्री गंगेश्वरी भुआर्य एवं लेखिका सहित भरापूरा परिवार है।

### बिरसा मुंडा जयंती समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** महिला सशक्तिकरण संघ जिला राजनांदगांव द्वारा बिरसा मुंडा जयंती एवं बौद्ध विवाह समारोह (अंतरजातीय) का आयोजन 16 नवंबर को धम्मकीर्ति बुद्ध विहार बसंतपुर राजनांदगांव में किया गया। इस अवसर पर तथागत गौतम बुद्ध, बाब साहेब आम्बेडकर एवं बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना की गई। महिला सशक्तिकरण की अध्यक्ष बुद्धमित्रा वासनिक, लक्ष्मा गजभिये अध्यक्ष महिला मंडल बसंतपुर, पूनम कोलाटकर द्वारा बिरसा मुंडा द्वारा किए गए कार्यों को बताया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक जोड़ा वर-वधु का बौद्ध पद्धति से (विवाह संस्कार) बौद्ध धर्म संस्कारक मिलिंद कुमार शेण्डे बसंतपुर द्वारा धम्मकीर्ति बुद्ध विहार बसंतपुर में बौद्ध समाज एवं महिला सशक्तिकरण संघ की उपस्थिति में विधिवत विवाह संस्कार संपन्न किया गया।

### जनजातीय गौरव दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) राजनांदगांव इकाई द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव




दिवस अंतर्गत एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय एसटी हॉस्टल राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम में हॉस्टल के विद्यार्थी, स्थानीय नागरिक एवं अभाविप के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर विस्तारक कपिल टेकाम ने बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डालते कहा कि "बिरसा मुंडा ने अत्याचारी व्यवस्थाओं के विरुद्ध 'उलगुलान' जैसी ऐतिहासिक क्रांति की शुरूआत की। अभाविप नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि "जनजातीय गौरव दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।

कार्यक्रम में चंदना श्रीवास्तव, निकिता श्रीरंगें, प्रतीक गढ़वाल, जीत शर्मा, वेणुका, कुलदीप पाल, चैतन्या द्विवेदी, युक्ता मंडावी, प्रिया, यश श्रीवास्तव, त्रिलोक और विकास शामिल थे।

### अरूण गौली को किया जिला बदर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर खांडुपारा वार्ड नंबर 12 डोंगरगढ़ निवासी अरूण गौली को आपराधिक गतिविधियों का अन्य कानूनी प्रावधानों से रोकथाम नहीं होने तथा अपराधिक गतिविधियों से शांति व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को ध्यान में रखते आगामी 3 माह के लिए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया एवं बालाघाट जिला की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। अरूण गौली एक सप्ताह के भीतर जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं 13 फरवरी 2026 के पहले प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिया गया है। आदेश का पालन नहीं करने पर बलपूर्वक जिलों की सीमाओं से बाहर निकाल दिया जाएगा। इसके बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1980 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण व्यवसायी ने पेड़ में लगाई फांसी, जांच जारी

**राजनांदगांव।** कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी-बिक्री करने वाले ग्रामीण युवक ने गांव के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संबलपुर निवासी राम खिलावन साहू जो कृषि उपज मंडी में धान खरीदी-बिक्री करने का काम करता है, ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राम खिलावन का शव सिंघोला धान खरीदी केन्द्र से कुछ ही दूरी पर पेड़ पर लटका हुआ मिला। बताया गया कि मृतक ने सुसाइड नोट भी लिखा है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। उक्त घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

**सर्वसुविधा जमीन (फार्महाउस) बिकाऊ है।**

- 31 एकड़ फार्म हाऊस बिकाऊ है। 50 लाख की बंगला 3 टिबेल ट्रासफार्मर राजमार्ग से 3 किलो. मी. की दूरी मेन रोड़ से लगा हुआ है। पीछे नही सर्वसुविधायुक्त फार्महाउस कारखाना, फैक्ट्री, एवं विद्यालय, हास्पिटल, खेती एवं कृषि कार्य हेतु किमत मात्र 550000 लाख प्रति एकड़। ग्राम सिंघनपुरी तहसील नवागढ़ जिला-बेमेतरा।
- राजमार्ग से 1 कि. मी. मेन रोड़ से लगा हुआ 55 एकड़ फार्महाउस 50 लाख रू. का नवनिर्माण घर पिछे नदी 9 बोर, ट्रासफार्मर जमीन कि अंदर काटा तार से घिरा हुआ। सुज्जित फार्महाउस पता 75 लाख प्रति एकड़। अंधियारखोर, तहसील- नवागढ़, जिला-बेमेतरा।

संपर्क सूत्र

जय महाकाल प्रापर्टी डिलिंग, पंडित चौक, कुण्डा रोड़, तालम सेतगंगा जिला- मुंगेली, मो.: 9238210014

निवेदन:- कृपया खरीददार व्यक्ति ही संपर्क करें। दलाल संपर्क ना करें। तुरंत रजिस्ट्री सामान्य ब्राम्हण

प्रशासन अलर्ट, विभागीय कार्रवाई जोरों पर

# प्रशासन ने पकड़ा 25 लाख का धान खपाने की फिराक में था कोचिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

15 नवंबर से जिले में धान खरीदी शुरू हो गई है और अवैध धान खपाने कोचिए भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। वहीं प्रशासन भी जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी चौकसी किए हुए हैं। अवैध धान को रोकने कलेक्टर जितेंद्र यादव द्वारा जिले के लगभग 1500 छोटे-बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर एसडीएम, तहसीलदार, खाद्य और मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जब्त करने निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत यहां विभागीय कार्रवाई जोरों पर है।

प्रशासन द्वारा अवैध धान बिक्री की रोकथाम हेतु सघन अभियान के तहत आज राजस्व, खाद्य और कृषि उपज मंडी की संयुक्त दल ने 25 लाख 42 हजार रुपए मूल्य का 2050 कट्टे में 820 क्विंटल धान जब्त किया गया है। उक्त टीम ने धान उपार्जन केन्द्र खुर्सीपार में ग्राम सेम्हरा के एक कोचिये से धान जब्त किया है। जब्त धान को कोचिये द्वारा स्वयं के खेत में फसल कटाई किए बिना, ग्रीष्मकालीन धान को खरीफ फसल के साथ मिलाकर खपाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसे डोंगरगढ़ एसडीएम द्वारा जब्त किया गया और इस मामले में प्रकरण बनाकर कार्रवाई की गई है।



#### अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में निगरानी

जिले में काफी मात्रा में महाराष्ट्र क्षेत्र से अवैध धान की आवक होती है। जिसको लेकर जिले में बोरतलाब, पाटेकोहरा और कल्लूबंजारी में तीन अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इस चेक पोस्ट में मंडी, नगर सेना, वन विभाग और राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

#### अब तक 55 लाख का धान जब्त

अब तक जिले में कोचिये और बिचौलियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 4510 कट्टो में 55,92,400 रुपए मूल्य के 1804 क्विंटल धान जब्त किया गया है। वहीं अवैध धान परिवहन में लगी 2 वाहन की जब्ती भी की जा चुकी है। प्रशासन के द्वारा जब्त धान और वाहन को धान खरीदी अवधि के बाद ही मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई करते शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव तहसील के ग्राम अर्जुनी में महतारी सदन हेतु चिन्हित शासकीय भूमि पर नेमुक निषाद द्वारा अतिक्रमण कर मकान बनाया गया था, जिसे नोटिस देने के पश्चात भी नहीं हटाया गया, जिस पर राजस्व विभाग द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से पंचायती राज धारा 56 के तहत शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार डोंगरगांव सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थत थे।

## आधी रात भाजपा पार्षद के घर बलपूर्वक तलाशी का प्रयास

■ भाजपा ने जताया विरोध : जल्द संज्ञान नहीं लिया गया तो होगा थाना घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

भाजपा की निर्वाचित पार्षद के घर में 17 तारीख की आधी रात पुलिस द्वारा बलपूर्वक तलाशी की घटना पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने जमकर विरोध जताया है।

बताया कि वार्ड क्रमांक 14 की निर्वाचित महिला पार्षद के घर आधी रात बिना वारंट की पुलिस की तलाशी किस न्यायालीय प्रक्रिया के तहत सही है, पुलिस बताएं? अगर पुलिस विभाग इस मामले में जल्द संज्ञान नहीं लेता है तो भाजपा का हर एक कार्यकर्ता आने वाले दिनों में थाना का घेराव करेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस की होगी। उन्होंने बताया की महिला पार्षद ने पूरी घटना की शिकायत एसडीओपी डोंगरगढ़ को की है। वहीं घटना की शिकायत एसडीओपी डोंगरगढ़ से करने के बाद भाजपा पार्षद ने बताया कि 17 तारीख की रात 12.30 बजे के करीब मैं अपनी मम्मी के साथ घर में अकेली थी। इस दरमियान स्थानीय थाना प्रभारी संतोष जयसवाल 15 से अधिक संख्या में बल लेकर मेरे घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे। जिसकी जानकारी मुझे आसपास के लोगों द्वारा देखी व बताई गई है। मेरे द्वारा भी ऐसी हलचल देखी गई। इस घटना के बाद मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है। इस घटना से शहर में मेरी छवि धूमिल हुई है। जिसकी शिकायत मेरे द्वारा पुलिस के उच्च अधिकारियों के साथ पार्टी के बड़े नेताओं से की गई है।

## महापौर ने किया एसटीपी स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गंदे पानी को उपचार कर शुद्धिकरण करने अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत दो स्थानों में एसटीपी प्लांट निर्माण करने शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। एसटीपी निर्माण के लिए मोहारा पुलिया के पास स्थल का बुधवार को महापौर मधुसूदन यादव द्वारा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तथा वार्ड पार्षद मुकेश साहू और पूर्व पार्षद अरूण देवांगन सहित निगम के तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिया गया।

महापौर यादव ने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए मोहारा पुलिया के पास स्थित रिक्त भूमि में की जा रही तैयारी का जायजा लेकर भूमि की उपलब्धता एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। आयुक्त विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत निगम सीमा क्षेत्र में दो स्थानों पर एसटीपी निर्माण किया जाना है। मोहारा के पास 25 एमएलडी का सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण करना है। जिसमें गोकुल नगर, इंदिरा नगर, नंदई आदि क्षेत्र के नालों के गंदा पानी को उपचार कर शुद्धिकरण किया जाएगा, ताकि इसका पुनः उपयोग किया जा सके। इसी प्रकार पार्रीनाला के पास 15 एमएलडी का प्लांट तैयार किया जाएगा, जहां शांतिनगर, चिखली, स्टेशनपारा आदि क्षेत्रों के नालों के गंदा पानी को एकत्रित कर शुद्धिकरण किया जाएगा। महापौर यादव ने कहा कि शासन की मंशानुरूप ट्रीटमेट प्लांट का निर्माण हो। जिसमें संबंधित क्षेत्र के



नालों का पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचे और उक्त गंदे पानी को उपचार कर शुद्धिकरण किया जा सके तथा उक्त शुद्ध पानी का उपयोग निकाय हित में निर्माण कार्य, कारखानों तथा खेती बाड़ी के काम में हो सके। भूमि की उपलब्धता के संबंध में उन्होंने अधिकारियों से सीमांकन कराने कहा।

जिससे आसपास के रहवासियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के दौरान संबंधित अधिकारी कार्य का समय-समय पर निरीक्षण करेंगे और अपने उच्च अधिकारी को अवगत कराएंगे। निर्माण के समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उप अभियंता ज्योति साहू, कमलेश प्रजापति, पूरन ठाकुर, अशोक देवांगन, नोहर साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## घर भूले बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**राजनांदगांव।** जिला अस्पताल परिसर में गाड़ी पार्किंग के पास डरा-सहमा हुआ एक नाबालिक बालक बैठा हुआ था, जो अपना भटककर अपना घर भूल गया था। सूचना मिलने पर बसंतपुर पुलिस ने पूछताछ कर बालक को उसके परिजनों के पास ले जाकर सकुशल सौंपा। परिवार ने पुलिस का अभार व्यक्त किया है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 नवंबर के रात्रि साढे 11 बजे किसी सज्जन व्यक्ति ने फोन कर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू थाना बसंतपुर को सूचना दिया कि एक नाबालिक बालक जिला अस्पताल परिसर में गाड़ी पार्किंग के पास डरा-सहमा हुआ बैठा है, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम नहीं बता पा रहा है।

#### अस्पताल परिसर में मिला

बसंतपुर पुलिस द्वारा तत्काल टीम को मौके पर रवाना कर तस्दीक कराया गया, जहां पर एक 10 वर्षीय बालक जिला अस्पताल परिसर में डरा-सहमा हुआ मिला, जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन पर तत्काल परिजनों तक पहुंचने का निर्देश मिला, जिसे जिला अस्पताल पुलिस चौकी लाकर दुलार, पुचकारकर पूछताछ किया, जो अपना नाम और रहने का स्थान बताया व घर भूल जाना बताया। उक्त बालक को लेकर कन्हापुरी राजनांदगांव ले जाया गया, जहां के स्थानीय निवासी से उक्त बालक के संबंध में पूछताछ करने पर बालक को उनके परिजन निवासी कन्हापुरी को सुपुर्द किया। पिता अपने 10 वर्षीय पुत्र को पाकर राजनांदगांव पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**राजनांदगांव।** प्रार्थिया को डरा-धमका कर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक बसंतपुर थाना में प्रार्थिया ने शिकायत आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत वर्ष को आरोपी विजय यादव इसे अपने घर दीनदयाल कॉलोनी में खाना बनाने के लिए बुलाकर इसके साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाया तथा किसी को बताने पर जान से खतम करने की धमकी दिया। पीड़िता व उसके परिवार को जादू-टोना कर मरवा देने की धमकी देकर पीड़िता के साथ अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर इसके साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध स्थापित किया है। पीड़िता के बगैर जानकारी के वीडियो बनाकर टेलीग्राम में भेजा है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 376, 376(2)(एन), 506 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**फरार चल रहा था आरोपी**

पुलिस इस मामले में आरोपी विजय यादव के सकुनत में दबिश देकर पतासाजी कर रही थी, जो सकुनत से फरार चल रहा था तथा अपना मोबाइल बंद कर पुलिस से लुक-छिप रहा था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व पुष्पेंद्र नायक के दिशा-निर्देश पर फरार आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त होने पश्चात निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपी विजय यादव की पतासाजी हेतु हर संभव ठिकानों पर पता किया गया, किन्तु पता नहीं चल पाया।

## हिन्दू संगठन ने किया पुलिस चौकी का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुस्लिम समाज के युवक द्वारा साहू समाज की युवती को भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। इसके बाद दोनों के वैवाहिक दावा-आपत्ति के ईश्तहार के बाद क्षेत्र का माहौल गरमा गया है। आज बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और साहू समाज के लोग इस मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर चिखली पुलिस चौकी का घेराव कर दिया।

शहर के मोतीपुर निवासी मुस्लिम समाज के युवक द्वारा बजरंगपुर नवागांव निवासी साहू समाज की युवती के साथ कोर्ट मैरिज करने अर्जी दी गई है, जिस पर दावा-अपत्ति के लिए 16 दिसंबर तक का वक्त दिया गया है। हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस चौकी पहुंचकर लड़की को माता-पिता के सुपुर्द करने की मांग की।

#### कार्रवाई की मांग

इस मामले में साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू का कहना है कि लड़की का रिश्ता तय होने के बाद भी मुस्लिम समाज के युवक ने उसे अगवा किया है। लड़के के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं उन्होंने मांग की है कि लड़की को उसके माता-पिता को सौंपा जाए।

#### निकाला जाएगा समाधान

लड़की की अपने माता-पिता से बातचीत हो रही है, उसके अनुसार हल निकाला जाएगा। **-राहुल देव शर्मा,** एएसपी

300 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

## शतरंज एवं रक्तदान जागरूकता सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छात्र युवा मंच परिवार द्वारा बीते 12 वर्षों से विद्यार्थियों के बीच विविध जागरूकता एवं सामान्य ज्ञान परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को शा.उ.मा.विद्यालय सोनेसरार और शा.उ.मा. विद्यालय करमतरा में "शतरंज एवं रक्तदान जागरूकता सामान्य ज्ञान परीक्षा" का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में दोनों विद्यालयों के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा को व्यापम और पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर ओएमआर शीट प्रणाली के माध्यम से संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने कहा कि आज अधिकांश सरकारी और



प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे व्यापम, पीएससी, रेलवे, बैंक और एसएससी सभी ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की जाती है। विद्यार्थियों को इस प्रणाली का पूर्व अनुभव कराना आवश्यक है, ताकि वे आत्मविश्वास और सटीकता के साथ भविष्य की परीक्षाओं का सामना कर सकें। शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल ने बताया कि छात्र युवा मंच का उद्देश्य केवल परीक्षा आयोजित करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में प्रतियोगी भावना, समाजसेवा और बौद्धिक विकास के मूल्य स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि जब युवा वर्ग बौद्धिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से संवेदनशील होगा, तभी सशक्त भारत का निर्माण संभव है। शतरंज जैसा खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, रणनीति और धैर्य विकसित करता है। जबकि रक्तदान जैसी सेवा मानवता के प्रति करूणा और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

बालकृष्ण कोमरे ने कहा कि "हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदार, जागरूक और सेवाभावी बनाना है। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे, शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल, दिग्विजय अध्यक्ष बाल कृष्ण कोमरे एवं दोनों विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं मंच के स्वयंसेवकगण का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी "सम्मान समारोह" में प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति


संपर्क करें:-7354 411411

## टक्कर : कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग में रोजाना दुर्घटना मौत का खतरा बढ़ा

# जोराताल पेट्रोल पंप के पास दो ट्रकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे में दिनों दिन बढ़ती सड़क हादसे से ग्रामीण-राहगीर व छोटी-बड़ी वाहन तेज रफ्तार, लापरवाही और भारी वाहनों के सड़क किनारे खड़ी पार्किंग के कारण इस मार्ग पर रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 4 बजे ग्राम जोराताल नई पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क दुर्घटना सामने आई है, बताया जाता है कि कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे में ग्राम जोराताल के पास आलू से लदा ट्रक तेज रफ्तार में ही आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान ट्रक का आगे का टायर अचानक फट गया, जिसके कारण चालक वाहन तेज रफ्तार भारी वाहन से नियंत्रण खो दी, वहीं हाईवे सड़क किनारे खड़ी सरिया से भरी ट्रक से आमने सामने सीधी भिड़ंत हो गई। बताया जाता है की आमने सामने ट्रकों की भिड़ंत इतनी जोरदार व भयानक थी कि दोनों ट्रकों के आगे के हिस्से बुरी क्षतिग्रस्त व ट्रके चकनाचूर हो गए। वहीं आलू से भरी ट्रक सड़क पर पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार इसे गनीमत ही कहे कि इस भीषण सड़क दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नही हुई। वहीं इस भीषण दुर्घटना में आलू ट्रक के चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। वहीं दोंनों को लोगों द्वारा तुरंत उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया।





### तेज रफ्तार बन रही सड़क दुर्घटना के कारण

बताया जाता है कि इस कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईवे में सुबह से देर रात तक भारी वाहनों का आवाजाही लगा रहा है। वहीं तेर रफ्तार व भारी वाहनों की भारी लापरवाही पूर्वक वाहनों की आवागमन से इस मार्ग पर लगातार सड़क हादसे बढ़ती जा रही है जिससे ग्रामीण व राहगीर चिंतित हैं। प्रतिदिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना तेज रफ्तार और असुरक्षित पार्किंग से लगातार दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। जिस पर प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की गई।



## कुण्डा में विशेष गहन पुनर्निरीक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

गत दिनों 18 नवंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम तथा प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुंडा इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर एवं ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुंडा के संयुक्त तत्वाधान में विशेष गहन पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने की।

प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुंडा इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विशेष गहन पुनर्निरीक्षण हेतु प्रशिक्षित करने के लिए यह बैठक आयोजित की गई, जहां सभी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस बैठक में सेक्टर अध्यक्षों एवं जोन प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने सेक्टरों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए के साथ चर्चाकर विशेष पुनर्निरीक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करें, ताकि प्रत्येक स्तर पर जन जागरूकता बढ़े और कार्य का सुचारू संचालन हो सके।

इस बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कवर्धा मणिकांत त्रिपाठी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया कौशल चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, जोन प्रभारी राजेश चंद्रवंशी, सेक्टर अध्यक्ष सनत चंद्राकर, माधुरी साहू, उमेंद निषाद, शिवकुमार चौहान, प्रमोद पात्रे, हेमंत सिंगरौल, गेंदलाल चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, वरिष्ठ कांग्रेसी महबूब खान, साधेलाल अनंत, गोरे चंद्राकर, भरत साहू, रामखिलावन साहू, घनश्याम टंडन, वेदप्रकाश चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## भगतपुर स्कूल में बाल दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

गत दिनों 17 नवम्बर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में पं जवाहरलाल नेहरू की जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा बाल मेला का प्रदर्शन किया गया, जिसमें किराना दुकान, जनरल स्टोर्स, पान सेंटर, गुपचुप-चार्ट सेंटरर व अंकुरित चना-मसाला, चना-चटपटी तथा कचौड़ी दुकान, मिठाई दुकान, भजिया, आलू पकोड़ा इत्यादि स्टालों के माध्यमों से व्यावसायिक कौशलों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों गणमान्य नागरिकों जन प्रतिनिधियों एवं संकुल स्तर हाई स्कूल के प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता जोधन प्रसाद चंद्रवंशी सहित स्कूलों के प्रधान पाठ व शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाल मेला का अवलोकन किया गया एवं बाल मेला प्रदर्शन का आनंद लिया गया।

जिस पर शाला के प्रधान पाठिका श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी द्वारा बताया गया कि इस बार बाल मेला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना है एवं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाकर जीवन उपार्जन करना है। इस बाल मेला कार्यक्रम के समापन पर समस्त छात्र-छात्राओं को पानी बोतल का वितरण किया गया।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दूर्ग में 18 व 19 नवम्बर को दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्व. पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेलों जैसे दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला एवं तवा फेक, टेबल-टेनिस, बैडमिंटन, खो-खो, व्हॉलीवॉल, कबड्डी खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने खेल प्रदर्शन दिखाते हुए एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा की ओर अपनी टीम को जीताने के लिए कड़ी मेहनत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कूलपति डॉ आरआरबी सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्राओं को उनकी खेल प्रतिभा को विकसित करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढावा देने में मदद करती है। उन्होने सभी प्रतिभागियों की बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मंजू राय ने कहा यह आयोजन छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। इस प्रतियोगिता में मात्स्यिकी महाविद्यालय द्वारा 100 मीटर दौड़ में विशेष, 200 मीटर दौड़ में बिंदू और 800 मीटर दौड़ में ममता ने पहला स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में सूर्या और ममता, ऊंचीं कूद एवं लंबी कूद में तेजस्वी व बिंदू, गोला और तावा फेक में बिंदू व अंजली, टेबल टेनिस में रेशमी व तृप्ती, खो-खो में छात्राओं की टीम प्रथम एवं कबड्डी में छात्र की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया। मात्स्यिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एमके गेंदले ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## बाल कौशल प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुईं: अन्नपूर्णा चंद्राकर

- विजेता और प्रतिभागी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम दुल्लापुर बाजार में आयोजित बाल कौशल प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को मंच देना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र छात्राओं द्वारा विविध खेल-कूद गतिविधियों से हुई जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने दौड़, रस्सीकूद, कबड्डी, लंबी कूद, गेड़ी दौड़ सहित कई रोमांचक खेलों का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों ने न केवल बच्चों की प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामूहिक सहयोग की क्षमता को भी उजागर किया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने पूरे माहौल को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंग दिया।



छात्र छात्राओं ने लोकगीत, पंथी नृत्य, राऊत नाचा की झलक, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन और छत्तीसगढ़ी सामाजिक जीवन पर आधारित लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। संस्कृत व हिंदी गीतों पर आधारित विभिन्न समूह नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने संस्कृति और परंपरा के प्रति अपनी समझ और सम्मान को प्रदर्शित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों के भीतर अपार प्रतिभा छिपी होती है, जिसे पहचानकर आगे बढ़ने का अवसर देना समाज का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, एकाग्रता और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है।

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के अंत में विजेता और प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। श्रीमती चंद्राकर ने बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि बच्चों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलता रहे।

### भानपुर में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भानपुर संकुल केन्द्र कोयलारी में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच गोविंद साहू एवं जनपद सदस्य पोषण साहू द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र में विधि विधान से पूजन किया गया। कार्यकम के दौरान सरपंच द्वारा प्रतिभागी बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया एवं विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही साथ उनके उज्जवल की भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं और इसी से भविष्य के खिलाड़ी तैयार होते हैं इस प्रकार के प्रतियोगिता से बच्चों में ऊर्जा आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना बढ़ती है, खेल से शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, जो बच्चे खेल और पढ़ाई दोनों में संतुलन बनाकर चलते है, वही आगे चलकर बड़ी उपलब्धियां हासिल करती है। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर से ही बच्चे खेलों के प्रति जुड़ाव रखते हैं तभी भारत के महान खिलाड़ी बनते है। उक्त अवसर पर गोविंद साहू, पोषण लाल साहू, केशलाल साहू, सुनिल, प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा, भरत तिवारी,सिद्धराम पाटिल, पंचम ठाकुर, मदनलाल चंद्राकार, मनहरणलाल चंद्राकार, चेतन्द्र यदु, रामधुन धुर्वे, पूनम देवागन, तोशराम पटेल, पारसमणि शर्मा, संतोष साहू, राजकुमार ध्रुव,देवशरण साहू साथ ही साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थे ।

## सिकलसेल विषय पर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आस्था समिति एवं समा नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में ऊर्जा पार्क स्थित आस्था समिति कार्यालय में गत दिनों 18 नवम्बर को जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिले के सिकलसेल मरीज, स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि एवं समा नई दिल्ली से वत्सला विशेष रूप से उपस्थित थें। वहीं बैठक में समा टीम के सदस्य ने सिकलसेल के इतिहास एवं मां-बाप के जीन से कैसे वाहक एवं रोगी होते है, इसको चित्र के माध्यम से विस्तार से बताए। आस्था समिति अध्यक्ष दौलत राम कश्यप ने सभी का स्वागत करते हुए इस बीमारी की संवेदनशीलता को उदाहरण सहित रखा। जिले में इस विषय पर कार्यरत संस्था नई चमक जन कल्याण समिति अध्यक्ष हरिश साहू ने मरीजों को संस्था द्वारा गोद लेकर उन्हें उपचार एवं अन्य सुविधा के बारे में विस्तार से बताया। रेड क्रॉस सोसायटी के जिला समन्वयक बालाराम साहू ने जिला में सिकल सेल की स्थिति से अवगत कराया। कृषक सहयोग संस्थान के राज्य समन्वयक ललित सिन्हा, आस्था सांस्कृतिक कला मंच के डायरेक्टर गुरूदास मानिकपुरी, समन्वयक हेमेश्वरी वर्मा, श्यामदास महानंद ने विचार व्यक्त किया। वहीं आगे मरीजो की संगठन बनाकर उनकी समस्याओं को शासन तक पहुंचाकर हल किया जाएगा। प्रत्येक तीन माह मे इस तरह की बैठक आयोजित की जाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़े जाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के आस्था समिति के राजेश गोयल, सरोजनी, आरती, स्वाती, ज्योति सहित सक्रिय कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।





### शोक संवेदना कार्यक्रम मे शामिल हुएः अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के कांग्रेस कमेटी के महासचिव अर्जुन तिवारी ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अखरा-तोरला, नवागांव, गुझेटा, परसवारा व कुण्डा में एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। वहीं उन्होने शोक संवेदना कार्यक्रम में शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक-व्यक्त किया। साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भेंट-मुलाकात व चर्चाकर अपने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए मनोबल कार्यकर्ता का बढ़ाया जा रहा है एवं पार्टी के बारे में चर्चा किया गया। इस दौरान अर्जुन तिवारी, मनोहर चंद्राकर, आरती सुमन, विनोद रजक, अशोक कश्यप, दिनेश पांडेय सहित कार्यकर्ता गण व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## कबीरधाम पुलिस ने सरोदा रोड पर अवैध वसूली करने वाले छः आरोपियों को दबोचा



- कवर्धा कोतवाली पुलिस टीम की बड़ी व प्रभावी कार्यवाही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सरोदा रोड पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा राहगीरों और यात्रियों को रोककर धमकाने एवं अवैध वसूली किए जाने की सूचना मिलते ही कबीरधाम पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक को प्राप्त सूचना के बाद थाना प्रभारी को तुरंत मौके की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम गठित की गई, जो तत्क्षण सरोदा रोड के लिए रवाना हुई। टीम ने मौके पर संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हांकित किया और छः आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में सभी ने यात्रियों को डराकर अवैध वसूली करने की बात स्वीकार की। जिसमें निपलेश पटेल आयु 26 वर्ष निवासी खैरबना, गीतेश साहू आयु 27 वर्ष निवासी खैरबना, लक्ष्मण साहू आयु 18 वर्ष निवासी तारो, राम साहू 18 वर्ष निवासी तारो, दीपेश पाली आयु 20 वर्ष निवासी तारो, व तुलेश्वर साहू आयु 24 वर्ष निवासी तारो के विरूद्ध पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया।

### धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार, 64 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी, 11.81 करोड़ भुगतान जारी

## ऑनलाइन टोकन, सुगम खरीदी व त्वरित भुगतान से किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में धान खरीदी अब रफ्तार पकड़ चुकी है। खरीफ वर्ष 2025 के तहत बीते 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के अंतर्गत अब तक जिले में 64 हजार 61 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। 1377 किसान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर अपना धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को 11.81 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। शासन ने किसानों की सुविधा के लिए खरीदी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ऑनलाइन टोकन प्रणाली के साथ खरीदी केंद्रों में सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए हैं। जिससे किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। धान बेचने के पश्चात भुगतान जारी करने की प्रक्रिया भी साथ साथ चल रही है। जिससे किसानों में धान खरीदी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सरकार ने धान खरीदी को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। जिसके तहत खरीदी केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केंद्रों में धान बेचने आए किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने केंद्रों में टोकन अनुसार खरीदी, धान की व्यवस्थित और त्वरित तौलाई सहित बारदाने, धान के भंडारण जैसे तमाम व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।



ऑनलाइन टोकन कटाने से लेकर खरीदी केंद्रों में तौलाई और बारदाने के इंतजाम से किसानों को धान बेचने में सहूलियत हो रही है। खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने बताया कि 19 नवंबर तक जिले के 1377 किसानों से 64 हजार 61 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा लगातार टोकन कटवाया जा रहा है जिससे आने वाले दिनों में खरीदी की यह रफ्तार और बढ़ेगी।

### कार्रवाई का इंतजार: वन्यप्राणी शिकार मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी भर काफी नहीं

# भोरमदेव अभ्यारण व वन्यप्राणियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी?

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

स्थिति परिस्थिति को देखते हुए भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष क्रमांक पीएफ 333 बहनाखोदरा में कुछ दिन पूर्व शिकारियों द्वारा करंट जाल लगाकर किए गए वन्य प्राणी बायसन के शिकार मामले की जानकारी बीते बुधवार को मिलने के बाद हरकत में आई वन विभाग की टीम ने इस जघन्य एवं दण्डनीय कृत्य के संबंध में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 सहपठित धारा 2(16) क, ख, धारा 30, 32, 39, 44(ख) सहपठित धारा 2, धारा 20, 50, 51 तथा लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 एवं 4 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20771/12 पंजीबद्ध कर आरोपी अन्तू पिता गौतर बैगा, सखुराम पिता रामासिंह बैगा, सोनेलाल पिता सुखराम बैगा, कमलेश पिता चमरू यादव तथा इन्दर पिता शतुर बैगा को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करवा दिया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर वन्यप्राणियों के लिए सबसे सुरक्षित माने जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में इतनी आसानी से शिकारियों ने एक नहीं बल्कि दो-दो वन्यप्राणी बायसन का शिकार कैसे कर लिया। माना जा रहा है कि यह सीधे तौर पर वन विभाग के उन जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही और गैरजिम्मेदारी है जिन्हें शासन और विभाग ने अभ्यारण क्षेत्र और वन्यप्राणियों की सुरक्षा का जिम्मा दिया है। खबर तो यहां तक आ रही है कि जिम्मेदारों द्वारा न तो क्षेत्र में कभी गस्त की जाती है और और न ही अपनी जिम्मेदारियों का तथा दायित्वों का निर्वाहन ही ठीक ढंग से किया जाता है। यह स्थिति सिर्फ विभाग के कर्मचारियों भर की नहीं है यही हाल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का भी है। जिसका बेजा फायदा उठाते हुए शिकारी न सिर्फ भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र मंर रैकी करने में सफल रहे बल्कि उचित स्थान पर करंट प्रवाहित जाल लगाकर दो वन्यप्राणी बायसन का शिकार करने में भी सफल रहे। हद तो यह थी कि इन शिकारियों द्वारा शिकार करने के बाद मौके पर ही भारी भरकम मृत बायसनो के शरीर के टुकड़े किए गए और आपस में उन्हें बांटकर शवों को ठिकाने भी लगा दिया गया। समझा जा सकता है कि जिले के सबसे संरक्षित कहे जाने वाले भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र में शिकारियों द्वारा इस कृत्य को कितने बेखौफ और इतमिनान से अंजाम दिया गया है।




**जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय करना अभी बाकी**

वन्यजीवों और पर्यावरणप्रेमियों के मुताबिक इतना भर काफी नहीं है कि वन विभाग ने दो वन्यजीवों का शिकार करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिम्मेदारी भोरमदेव अभ्यारण के उन अधिकारी और कर्मचारियों की भी तय होनी चाहिए जिन्हे अभ्यारण क्षेत्र और यहां के वन्यप्राणियों की सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है ताकि फिर कोई शिकार भोरमदेव अभ्यारण में सैंधमारी कर वन्यप्राणियों का शिकार न कर सके।

## 29 पौवा अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार




- मुखबिर की सूचना पर स. लोहारा पुलिस ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पौवा अंग्रेजी एवं 10 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3080 रूपए कुल 5.220 बल्क लीटर शराब जप्त की है वहीं अवैध शराब तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर सायकल भी जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स. लोहारा पुलिस को मुखबिर सूचना मिली थी कि ग्राम इरीमकसा तिराहा के आगे इरीमकसा रोड स. लोहारा में अवैध रूप से शराब रखकर परिवहन एंव बिक्री की जा रही है। जिस पर पुलिस टीम ने रेड कार्यवाही कर आरोपी तोरण साहू पिता सैतु साहू उम्र 30 साल निवासी कोयलारी थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम को दबोच लिया और आरोपी के कब्जे से एक मोटर सायकल फैशन प्रो काला नीला कलर क्रमांक सीजी 09 जेआर 9433 के डिग्गी में रखे संतरा रंग के गमछा में बंधे19 नग अंग्रेजी मंदिरा का पौवा प्रत्येक में 180-180 एमएल भरा हुआ शीलबंद कुल 3.420 बल्क लीटर जुमला कीमती 2280 रूपए एवं 10 नंग रोमियो देशी मंदिरा प्लेन प्रत्येक में 180-180 एमएल भरा हुआ शीलबंद 1,800 बल्क लीटर कीमती 800 रूपए कुल 5.220 बल्क लीटर पास से नगदी रकम 1230 रूपए घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 65000 कुल जुमला 69310 रूपए जप्त आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है।

**खबर संक्षेप**

### जिला कांग्रेस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मतदाता सूची महा पुनरीक्षण के लिए बूथ के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 नवम्बर को आयोजित किया गया है। इस संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी कवर्धा ग्रामीण के अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पूर्व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भाई के निर्देशानुसार मतदाता सूची महा पुनरीक्षण के लिए बूथ के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 नवम्बर दिन शुक्रवार को समय दोपहर 02.00 इंदौरी हायर सकेंडरी स्कूल के बगल में कुर्मी समाज सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया है। जिसमें मरका, इंदौरी मंडल के अंतर्गत आने वाले सेक्टर मरका, गुडा, चचेडी, इंदौरी, झलमला, दशरंगपुर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई है। बूथ के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पंडरिया विधानसभा के लिए प्रशिक्षण प्राप्त टीकम शर्मा, मोचन चंद्रवशी तथा आनंद सिंह ठाकुर द्वारा दिया जाएगा।

### जिला कांग्रेस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 19 प्रकार के 41 रिक्त पदो पर संविदा भर्ती के लिए 8 अप्रैल 2025 को विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें पद क्रमांक 5 (नर्सिंग ऑफिसर-एनएचएम) के 01 पद को छोड़कर समस्त पदों का मेरिट, चयनित एवं प्रतीक्षा सूची जारी किया जा रहा है। जिसे जिले के वेबसाईट में देखा जा सकता है।

## जिले के सहकारी समिति प्रबंधकों व ऑपरेटर्स की हड़ताल स्थगित, आज से लौटेंगे काम पर

### कलेक्टर गोपाल वर्मा को संघ ने हड़ताल स्थगन का सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में बीते 3 नवंबर से चल रही जिला सहकारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित हो गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर गोपाल वर्मा से मुलाकात कर हड़ताल स्थगन का पत्र सौंपा। जिला सहकारी संघ की ओर से कहा गया कि शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। किसानों के हित को देखते हुए जिला सहकारी संघ के समस्त कर्मचारी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित करते हैं और 21 नवंबर, शुक्रवार से अपने कार्य पर लौट जाएंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन, उप पंजीयक सहकारिता जीएस शर्मा, खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, डीएमओ अभिषेक मिश्रा, सीसीबी नोडल आरपी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व जिला सहकारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।



## वेतन व श्रम सम्मान राशि नहीं मिलने से कर्मचारी मजबूर, मजदूरी करने अवकाश मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आदिम जाति बालक आश्रम लामपुर में पदस्थ कर्मचारी रोहित कुमार गेंदले द्वारा वेतन व श्रम-सम्मान राशि न मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में पीड़ित कर्मचारी ने अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर बताया है कि विभाग की लचर व्यवस्था के कारण उन्हें पिछले पांच माह से वेतन तथा 18 वर्ष की सेवाकाल की श्रम-सम्मान राशि प्राप्त नहीं हुई है। आर्थिक संकट इस कदर गहरा गया है कि परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित होने लगी है। कर्मचारी रोहित ने बताया कि लगातार वेतन न मिलने से रोजमर्रा के खर्च पूरे करना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में जीविकोपार्जन के लिए उन्हें मजदूरी करने की नौबत आ गई है। इसी आर्थिक दबाव को देखते हुए कर्मचारी ने 10 दिवस का अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया है, ताकि वह मजदूरी कर परिवार का गुजारा चला सके। कर्मचारी का यह दावा विभागीय व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करता है। वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। स्थानीय कर्मचारी संगठनों का कहना है कि यदि स्थिति यही रही, तो आश्रमों के संचालन पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग इस संवेदनशील प्रकरण पर कितनी गंभीरता दिखाता है और कब तक लंबित वेतन व राशि का भुगतान किया जाता है।




## एसआईआर प्रक्रिया में ओटीपी की जरूरत नहीं, साइबर ठगी से सतर्क व सुरक्षित रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी करते हुए बताया है कि पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया के दौरान कभी भी मतदाता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी की जरूरत नहीं होती है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी-आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। अतः एसआईआर के नाम से कोई ओटीपी मांगते तो झांसे में ना आए। यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह हमें दे दीजिए, तो उन्हें तुरंत मना कर दें। इसके लिए बीएलओ से सीधे संपर्क करें। अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे या जोर डाले, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। विभिन्न राज्यों की पुलिस ने नागरिकों को एसआईआर फॉर्मेश भरने की प्रक्रिया से जुड़ी एक नई प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी (स्कैम) के प्रति आगाह किया है और लोगों से अपील की है कि वे किसी भी सूरत में अपने मोबाइल फोन में प्राप्त वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें।

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी महज चंद घंटों में किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

थाना सिटी कोतवाली, कवर्धा क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग बालिका द्वारा अपने परिजनों के साथ उपस्थित होकर आरोपी द्वारा फो टो / वी डि यो वायरल करने की धमकी देकर वर्ष 2024 से निरंतर दुष्कर्म किए जाने तथा 19 नवम्बर को मारपीट व जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा तत्काल विषय को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया और मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर उप निरीक्षक श्रीमती शालिनी वर्मा द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 517/2025 धारा 64(2), 65(1), 115(2), 351(3) बीएनएस एवं धारा 4(2), 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस की तत्पर कार्रवाई के फलस्वरूप चंद घंटों के भीतर ही आरोपी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय के समक्ष जुडिशल रिमांड हेतु पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक योगेश कश्यप के नेतृत्व में उप निरीक्षक श्रीमती शालिनी वर्मा एवं समस्त सिटी कोतवाली टीम का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस द्वारा ऐसे गंभीर अपराधों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाने के प्रयास निरंतर जारी हैं।




## कबीरधाम पुलिस ने बाल सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया




**कुई/कुकदुर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक बाल सुरक्षा सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह (भापुसे) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकपुष्पेंद्र बघेल, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संचालित किया गया। इसी कड़ी में थाना कुकदूर की टीम द्वारा निरीक्षक संग्राम सिंह के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोलमी सहित अन्य विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को समाज के वर्तमान माहौल, अपराधों से दूर रहने तथा विभिन्न आपराधिक गतिविधियों से सुरक्षा के तरीकों के बारे में विस्तृत रूप से समझाइश दी गई। कार्यक्रम के तहत बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौष्टिक आहार, गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा, मानव तस्करी, नशा उन्मूलन, बाल श्रम, बाल विवाह एवं नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से होने वाले जोखिमों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम में निरीक्षक संग्राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक कुमार मंगलम एवं अधीनस्थ थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं जागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियां जारी रहेंगी।

### सारंगपुरखुर्द में 41.65 लाख लागत से 500 मीटर सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया

## उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से विकास कार्यों को मिली गति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों को गति मिल रही है। इसी क्रम में ग्राम सारंगपुरखुर्द में 41.65 लाख रुपए की लागत से 500 मीटर लंबाई की सीसी सड़क निर्माण के कार्य का बुधवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री गौरव पथ योजना के अंतर्गत कई सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, जनप्रतिनिधि बीरसिंह पटेल, रोहितनाथ योगी, दिलीप गोलु साहू, सदस्य जनपद पंचायत कवर्धा श्रीमती मिथला मिथलेश बंजारे, बीरनु राम पटेल, ग्राम पंचायत जमुनिया के सरपंच रोहित ठाकुर, श्रीमती एमनी बाई धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से जिले में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना है, जिससे गांवों में आवागमन सुविधाजनक और सुरक्षित हो सके। उन्होंने बताया कि सरकार के इस प्रयास से ग्रामीण विकास की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाए जा रहे हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि सड़क के निर्माण होने से ग्रामवासियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सड़क बन जाने से शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों में भी आसानी होगी तथा ग्रामीणों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति और कार्यारंभ के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क तैयार हो जाने से बरसात के मौसम में कीचड़, धूल और फिसलन की समस्या खत्म होगी। बच्चों के स्कूल जाने, किसानों के कृषि सामग्री परिवहन और दैनिक आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## ठंड के कारण शाला संचालन समय परिवर्तन की मांग, टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ व डीएमसी से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव से अलग-अलग मुलाकात कर ठंड के कारण शाला संचालन समय में परिवर्तन, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति, शिक्षकों के सेवापुस्तिका व सीजीजीपीएफ पासबुक संधारण, क्रमोन्नत व समयमान के आवेदन का निराकरण, उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति, स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रतिनियुक्त प्रभारी प्राचार्यों की वापसी पर विद्यालय चयन का अवसर आदि पर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान डीईओ ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची अद्यतन किया जा रहा है, जिसके बाद प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर से स्वीकृति पश्चात ठंड के कारण शाला समय परिवर्तन किया जाएगा। सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुक के लिए कैम्प लगाने का निर्देश सभी डीडीओ को दिया जाएगा। सहायक शिक्षकों व प्राथमिक प्रधान पाठक के उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति पत्र शीघ्र ही जारी कर दिया जाएगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति से पदस्थ प्रभारी प्राचार्यों (व्याख्याता संवर्ग) की प्रतिनियुक्ति से वापसी पर पदांकन हेतु विद्यालय चयन का अवसर दिए जाने संबंधी एसोसिएशन के ज्ञापन को राज्य स्तर से संबंधित होने के कारण डीईओ ने स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक को तत्काल अग्रेसित कर दिया है।

